प्रेषक,

गार्गी,
अपर सिविल जज (जू०डि०)कक्ष सं० १, (UP2418)
जनपद न्यायालय फर्रूखाबाद।

सेवा में,

महा निबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश,
फर्रूखाबाद।

विषयः पारस्परिक ज्येष्ठता के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी का चयन सामान्य वर्ग में रिट सं० 4204/2019, मनीष कुमार सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांकत 18.10.2019 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जंज (जू०डि०) परीक्षा, 2016 के आधार पर कुल 10 अभ्यर्थियों, 7 सामान्य व 3 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा कार्यभार ग्रहण न करने के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों का नाम मांगे जाने पर अभ्यर्थी अनु० 018074 कुल प्राप्तांक 568 उपलब्ध कराये जाने के आधार पर हुआ है। उक्त के आधार पर अधोहस्ताक्षरी गार्गी पुत्री श्री देवेन्द्र कुमार अनु० 018074 निवासी 3/59 जैन मंदिर गली लेखराज नगर, अलीगढ़ उ०प्र०(202001) को सिविल जज (जू०डि०) के पद पर शासन के नियुक्त अनुभाग-4 संख्या 30/II-4-2020-32(1) दिनांकित 17.01.2020 द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया तथा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की विज्ञप्ति सं० 390/Admin(Services)/2020, दिनांकित 18.02.2020 द्वारा फर्रूखाबाद में अपर सिविल जज (जू०डि०) के पद पर तैनात किया गया है। जिसमें दिनांक 24.02.2020 को अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार भी ग्रहण कर लिया गया।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेवसाइट पर द्वारा जारी सीनियॉरिटी लिस्ट में अधोहस्ताक्षरी का नाम आरक्षित कैटगरी में चयनित अधिकारियों के नीचे अंकित है जबकि अधोहस्ताक्षरी का चयन आयोग द्वारा निर्गत परीक्षा में सामान्य वर्ग मे अभ्यर्थियों के ज्वाइन न करने के सापेक्ष हुआ है।

अतः अनुरोध है कि कृपया तद्नुसार अधोहस्ताक्षरी की पारस्परिक ज्येष्ठता अवधारित करने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश
पत्रांक-1068/I दिनांक-20.06.2020
फर्रूखाबाद
जनपद न्यायाधीश
फर्रूखाबाद
20.06.2020

सम्मान सहित।

दिनांकः20.06.2020

भवदीया

Garg 20.6.20

(गार्गी)
अपर सिविल जज (जू०डि०) कक्ष सं० १,
जनपद न्यायालय फर्रूखाबाद।

संलग्नक-
1. विज्ञप्ति की छायाप्रति
2. कार्यभार प्रमाणपत्र की छायाप्रति
3. निर्णय की छायाप्रति